विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-24 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 24 (क) क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जनपद-संतकबीर नगर के ब्लाक-सेमरियावॉ, ग्राम पंचायत-देविरया विजयी के ग्राम-धरूई, पो0-करही, संतकबीर नगर में नहर से भगवानदीन के घर से होते हुए पक्की सडक तक सी0सी0 अथवा इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण न होने के कारण ग्रामीणों/राहगीरों को परेशानी का सामना करना पडता है ? | प्रश्नगत मार्ग का स्थलीय निरीक्षण क्षेत्रीय अवर अभियन्ता से कराया गया है, ग्राम पंचायत देवरिया विजयी के राजस्व गाव धरूई नहर पुलिया से भगवानदीन के घर होते हुए बढया राजा सम्पर्क मार्ग तक की कुल लम्बाई-900 मी0 है मार्ग के संरेखन में नहर पुलिया से 150 मी0 पिच मार्ग है जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है तथा मार्ग के शेष भाग पर खडंजा लगा हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कार्ययोजना के सापेक्ष निविदा की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। अत: उक्त मार्ग निर्माण का प्रस्ताव वार्षिक कार्ययोजना वर्ष- 2025-26 में सम्मिलित कर जिला पंचायत बोर्ड की आगामी बैठक में रखा जायेगा। बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। |
| (ख) यदि हॉ, तो कब तक उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नही उठता। |

ओम प्रकाश राजभर
मंत्री।